It is through this KSHIR BHAWANI TIMES that I convey my deep & heartfelt condolence to the bereaved Pandit family on the demise of Prof. S. L. Pandit, known to me for decades since my college days, 1950-54 through my intimate class-mates Messrs Omkar and Manmohan and later through Prof. Jaikishori Pandit, for long in the Women's College, Srinagar, a devotee of Ramakrishna order and Mrs. Phoola and Dr. Bhushanlal Pandit, Reader, NCERT, New Delhi. A highly reputed teacher of English literature, having a track record of his well-meaning students ranging from political leaders, professionals, academicians and bureaucrats in the state and outside, his deep knowledge of Kashmir's history and its enriched cultural heritage, with his precise and accurate political analysis and his overall conceptual clarities of the major important events projected in his versatile write-ups would always find ascendancy in any editorial compilations. Under the presidentship of the late Dr. S. N. Peshin, I, as a humble activist and an executive member, would closely interact with him in ASKPC Sheetal Nath Sgr., particularly in the publication of The Martand from 1982 to 87 and onwards when its publication was re-started in English with Dr. G. N. Mujoo initially and later the late Sh. M. L. Bhat as its Editors. He was the backbone of its publication ; besides, he functioned as Convenor on many committees including the one on encroachments of our shrines, devasthans and other places of worship, where we had consolidated a complete record apprising HE the Governor and the Hon'ble CM's for their prompt evacuation and issue of an ordinance. He would be accorded a leading role in any delegation. I remember his strong conviction of Hindu Dharma, of course with a stint of Kashmiriyat alongwith the late Maj. Radhakrishan Raina, Dr. B. N. Khushu, Shri Nilakanth Ganjoo, when on Janam-Ashtami processions he used to cover the entire route on foot with us. It would take days to prepare and organize them. They were followed by public meetings.

He was deeply influenced by Swami Vivekananda's philosophy quite early, and his other place of activities was Ramakrishna Ashram at Shivalya temple, where he was initiated by Swami Bhuteshandandaji Maharaj, Ex-President, Belur Math, Calcutta, in the early 70's, where I too had the privilege of my intial initiations then. He would often be invited to deliberate on many important Jayantis ; and this discipline/order had perhaps percolated to almost his entire family. His passing away is an irreparable loss to all our **biradari** members. I pay my humble homage to this departed scholar, academician and strong social activist.

I wish a memorial trust be set up in his name jointly by his friends, family members and literat ? This would pave the way for up-dating all his contributions in the field of literature and his socio-religious-cum-historical perceptions in general.

—C.L. SADHU

☆☆☆

NEWS

Causes that led to exodus of Kashmiri Pandits and Remedies— Study Group Meeting of AIKS Jammu affiliate held on 15-5-01 at KPS Kashyap Niwas, Amphalla, Jammu.

Pursuant to the decision of the 1st meeting of the study group held on 24.4.01, the above discussion, third in the series, was organised on 15-5-01. The opinions expressed are :

Sh. M.L. Nagami

While secular postures were assumed by the ruling class, there was in fact a drive to deprive the Kashmiri Pandit, to weaken him economically, politically and culturally. He was under attack of decimation as if he did not belong to the land of his birth; and was finally pushed out at gun point. Deprivation and denials by the government pushed us to sell out properties under distress to save ourselves from death and destruction

Any political parleys to solve the Kashmir problem should include a package that will redefine the concepts of economic, political, social and cultural security through a decisive political package of representation at all levels of governance as an alternative to "Panun Kashmir" or an "enclave" which we do not favour but which may not be opposed by us.

Shri H.L. Bhat

Whatever are the reasons for the present turmoil, the younger generation has to suffer for the folly of those who preceded us. Our suffering is due to Jehadi concepts that got encouraged in the valley through Jamat-e-Islami under an organised plan executed from across the borders. We were deprived of equality, secular democracy, right to live, right of access and opportunity, and were subjected to discrimination and finally squeezed out at gun point.

Suggestions for autonomy and reorganisation of the state are catching fire. Jammu is demanding a separate package, so is Ladhak. As a free citizen, the Kashmiri Pandit should have the right to live anywhere in J&K State with adequate safeguards and a separate political disposition.

Shri Gadoo S.K.

While not agreeing with "homeland", "Kashyap land", or "trifurcation," he observed that Return to Kashmir is a far reaching cry. We are not welcome there. Why talk of return ? Jammu as the second home is a reality, he said.

We have to evolve our agenda. We should have the right to settle anywhere according to our choice. We have to give expression to our feelings by being flexible in approach and develop parameters of understanding through a unified approach. A broader interaction within an enlarged group including all shades of opinion will be helpful.

Sh. M.L. Thussu

Kashmir question is a complex one. I

see no solution in sight in the foreseeable future. Solutions like "homeland", "enclave" or "Kashyap bhoomi", besides being politically unwise, pose security threats. Returning to our homes in villages is equally inadvisable. People in general have developed vested interests and may not like to be uprooted again to go to an unknown future.

Majority of us are now in Jammu. The displaced community members should be rehabilitated wherever they have taken refuge in the state or elsewhere in India as the case may be.

Sh. H.L. Bindroo

Our suffering is a result of Jehadis spreading their tentacles ferociously into Indian subcontinent. We had to leave the valley under a well-organised plan from across the borders to effect balkanisation of J&K and India. Concepts of "homeland", "Kashyap Bhoomi", "Khalistan", contribute to the disintegration process.

A democratic pluralistic concept of governance is the long-term solution to the problem. This is not our community question alone, but a national issue. Our future is connected with Kashmir remaining a democratic secular state and part of multireligious, multiracial and multilingual India, or else we stand to lose our homeland. Immediate humanitarian considerations cannot be ignored till the political solution to the vexed Kashmir problem is reached. Immediate economic resettlement is a prime need and cannot await political settlement.

Sh. A.K. Braroo

We are eroding our present for an unknown future. Let the political agenda remain. While not opposing "home land", or "enclave," we should evolve pragmatic alternatives to it. These will incorporate political, economic, social aspects and encampass the vision of India.

Our in situ economic resettlement should provide us enough financial support to start life afresh. An action plan is an urgent need.

Sh. M.L. Raina

Return to Kashmir is not possible under the prevailing conditions. Till the question of Kashmir is finally resolved, which is a long-drawn out affair, we need an environment or a home where we can live, which is being denied to us. We have to forcefully put across our demands through unified action and leadership.

Sh. P.L. Kaul

We cannot say no to Kashmir. We have to find a place of honour in all walks of life in all forums. A "home land" or an "enclave" sets the people thinking. It is of great political significance and should not be rejected as such. There is no immediate solution in hand to the vexed Kashmir Problem. It is a lengthy process. We have to be alert and watchful and ever vigilant and project our problems and related issues.

We have to survive till the Kashmir question is resolved. An economic package has to be worked out to solve our day-to-day problems. We have to forcefully put these

across and demand solution through unified action.

Sh. M.L. Kandroo

An economic and political package is to be demanded to take care of those who are desperate to return to the valley.

Shri K.K Khosa

We should have some introspection and understand why our voice is not heard. The reason is that we have no common agenda, voice, or leadership. We have to be realistic in our approach to solve our immediate problems. We should

1) ascertain the aspirations of the people at the ground level,

2) endorse the will of the people, and

3) chalk out a unified programme through a unified command.

Sh. Reshi Dev

Thanked all those present for their views. He lamented that we do not matter anywhere so far as the parleys on Kashmir are concerned. We should establish our identity through unity and unified action. All shades of opinion should be brought together for evolving a minimum common programme.

The meeting came to a close with a vote of thanks to the members present, to the chair and the hosts, KP Sabha.

It was decided to have the next round of discussions on 25-27 May, '01, to prepare:

(1) a charter of demands for economic package to be put up forcefully before the authorities to overcome the distressful situation of the displaced community, and

(2) a community approach to a political soultion of Kashmir.

ALL INDIA KASHMIRI SAMAJ (REGD.)

D-90, Sarojini Nagar, New Delhi- 110 023 ph.: 4677114

No. F.1. (2) / 2000 AIKS/
23rd May, 2001.

PRESS RELEASE

Sh. Gautam Kaul, C-1/22 Humayun Road, New Delhi, on retirement as Director General, Indo-Tibetan Border Police, Government of India, has taken over as Senior Vice President of All India Kashmiri Samaj in place of Shri B.N. Sharga, Lucknow.

Shri Gautam Kaul will be the Chief Spokes-person of All India Kashmir Samaj.

T. N. WANCHOO

General Secretary

बच्चो! हमें बचाओ ... (1)

हां मैं आप ही से कह र-हा हूं।

आप, अपने बच्चों से, कश्मीरी पंडित बच्चों से।

आप ही हमें बचाओ, क्योंकि आप ही हमें बचा सकते है।

मेरी यह लिखत भले ही बड़े भी पढ़े,

है तो यह इस खुली पत्रिका का पहला खुला पन्ना। पर इसमें बात आप बच्चों से कर रहा हूं। इसलिए यदि किसी कारण से केवल माताएं या पिता यह लिखत पढ़ें तो कृपया अपने बच्चों को भी बताएं। उन्हें अपनी तरह, अपनी भाषा में, अपने स्तर पर यथावश्यक समझाएं, क्योंकि अब वे ही हमको बचा सकते हैं। बहर हाल बात उन्हीं की जा रही है। संबोधन उन्हीं से है।

बच्चो! हम आपके दोषी है। आपने यदि कश्मीरी बोलना सीखा नहीं, आपसे यदि हम हिंदी या अंग्रेज़ी मात्र बुलवाते हैं, तो दोष हमारा है। हम खुद को कश्मीरी कहते हुए गर्व अनुभव करते हैं, पर हम नहीं चाहते कि आप भी हमारी ही तरह गर्व अनुभव करें। हम ने आपको विकलांग बना दिया है। आप की भाषा-ग्रहण और प्रयोग करने की क्षमता को हमने कुंठित किया है। हम जानते हैं कि आप बच्चों में एक साथ चार भाषाएं न सिर्फ सीखने, बल्कि उन पर अधिकार पाने की क्षमता होती है। फिर भी हमने आपको केवल दो यानी हिंदी और अंग्रेज़ी सिखाई और इस तरह आपकी सीखने की काबलियत की धार कुंद कर दी। आप यदि हमसे पूछेंगे, और आप पूछेंगे ज़रूर, आपको पूछना ज़रूर चाहिए, कि हमें क्या हक था कि आप को ज़ेहनी तौर पर विकलांग बना छोड़ें, तो हमारे पास इसका कोई जवाब नहीं है। हम यह तो नहीं कह सकेंगे कि हमने अपनी हीनभावनाओं को आपके ऊपर लाद दिया। हम यह तो नहीं कहेंगे कि कश्मीरी (पंडित) होने के बावजूद हम दिल ही दिल में अंग्रेज़ों के गुलाम बनने के लिए तड़पते थे। अंग्रेज़ी भाषा सीखना गुलामी नहीं पर अपनी भाषा के मुकाबिले में अंग्रेज़ी को ज़्यादा बेहतर माध्यम मानना गुलामी है। माध्यम-शिक्षा का नहीं, वह तो भारत में तय हो चुका है- पर माध्यम ज्ञान का। हमने ज्ञान को पिछवाड़े डाल दिया तथा शिक्षा को सारा घर घेरने की छूट दी। शिक्षा देह और दिमाग के लिए आवश्यक होती है पर देह और दिमाग से परे भी कुछ है जो हमें मनुष्य बनाता है और वह है मन, हृदय; जिनसे मानसिकता बनती है, गर्व की, गैरत की; हार्दिकता बनती है अपनेपन की, सह-अनुभूति की, सह-अस्तित्व की......ये चीज़ें हमने फिजूल समझीं क्योंकि हम अपने भौतिक आस्तित्व की लड़ाई में झोंक दिए गए थे। वहां भी हम लड़े कम, अड़े ज़्यादा अपनी अपनी सरहदों पर, अपनी अपनी ज़िदों की रक्षा का फर्ज़ निभाते हुए।

प्यारे बच्चो! आप ही हमें बचा सकते हैं। आप खुद तो वही सब बनेंगे, जो हमने चाहा। आप यदि बहु शिक्षित और लघु ज्ञानी या अहंहीन रोबोट बनते हो और कभी न कभी अपने अभावों का एहसास पाते हो तो हमें कठघरे में खड़ा कर सकते हो। हमारे पास सिवाय पश्चाताप के और कुछ नहीं होगा, तब। पर उससे क्या होगा? आपका जीवन तो तब तक आध-पौन निकल चुका होगा।

फिर भी बच्चो! हमें बचाओ!

कम से कम अब के बाद हम बचे रहें, पश्चाताप का प्रायश्चित करने के लिए। अब के बाद के बच्चों की शिक्षा के साथ साथ उनको ज्ञान देने के प्रति सजग रहने के लिए। हम अपने बच्चों को विकलांग बना गए, पर आपके बच्चे पूर्णांग हों, यह कामना करने के लिए। —रलश

नील नाग के स्वप्न

किंवदंती है कि कश्मीर प्राचीन काल में विशाल सतीसर था जिसमें जलोद्भव नामक दैत्य रहता था. जलोद्भव के आतंक से ग्रस्त नाग जनता की पुकार सुनकर कश्यप ऋषि की सहायता से विष्णु के नेतृत्व में देवताओं की सेना ने दैत्यों का संहार किया। जलोद्भव, जो सतीसर की जलराशि में छिपता था, का अंत करने के लिए विष्णु ने सतीसर के पानी का निकास करवाया। नई भूमि का नाम कश्यप ऋषि के नाम पर कश्मीर पड़ा। देवताओं की जलोद्भव पर विजय के साथ ही कश्मीर में नागों के साथ मानव तथा पिशाच भी बसाए गए। असहाय और असमर्थ नागों के लिए यह गाज गिरने के समान था। पहले दैत्यराज से त्रस्त रहे अब देवताओं के साम्राज्यवादी विस्तार के शिकार हुए। नीलनाग के नेतृत्व में उनका संघर्ष, अबकी बार स्वयं को नष्ट होने से बचाने के लिए, चलता रहा.....'कालवृक्ष की छाया में' शीर्षक से प्रखर क्रांतिधर्मी कवि अग्निशेखर द्वारा लिखित इस मिथक की बहुआयामी तहों को खोलती कविताओं के कुछ अंश यहां प्रस्तुत हैं–

1. सपने में देखा नील ने
लौट गए है देवता वापस
पर्वतों के उस पार
भर गई
देवदारों के घने वनों तक
खाली सतीसर में चांदनी झिलमिल
तैर रहा तारामंडल
भावातीत
धुल चुकी हैं दुर्भावनाएं
कविताएं खेलती हैं साथ बच्चों के
दौड़ते-दौड़ते स्वप्न में
हवा में तैरता है नील
सतीसर के ऊपर
गिरती हैं उसकी आंखों से
रोशनी की बूंदें
पानी पर
बदलती जो गेंद के फूलों में
अब नहीं हैं पिशाच यहां
नहीं हैं देव भी
करुणा के धाम गए विष्णु भी
यहां से....

2. पर्वत शिखरों के ऊपर से
छलकता दौड़ता है समुद्र
ऊंची नीची पानी की
पगडंडियों पर
खा रही हिचकोले
नील की नौका
इस प्रलय के नील हैं मनु
कुछ गठरियां हैं बीजों की
कुछ नागिनें हैं
बच्चों को छाती से चिपकाएं
समुद्र और आकाश के बीच
पानी से बाहर निकले
दिख रहे हैं दूऽऽर
कुछ धवल गिरिशृंग
प्रार्थना करती हैं
नील की आंखें ......
बुला रहे हैं उसे
जैसे वे शिखर भाषाओं
के अपनी ओर.......

3. झांकता है बूढ़ा कोई वास्तुशिल्पी सा
नील के नेत्रें में
स्वप्न है भविष्य का
देता है उसे
दिव्य मुस्कान वह बूढ़ा
देखता है पंचांग में
सपनों के शिलान्यास का मुहूर्त.....

4. दर्पण से बाहर
निकलता है नील
स्वयं से करता प्रश्नों की बौछार
क्या तुम इन स्वप्नों की ओट में
छिपा नहीं रहे
अपने असत्य को.......?
तुम्हार अंतस्तल में
रिक्त है सरोवर
क्या भर पाओगे सपनों से
सूने जीवन को
ये नाम तुम्हारे हैं
क्या विश्राम के योग्य......
क्या नहीं ये छोड़ रहे हैं
पहचान के केंचुल
जाएंगे तुम्हें छोड़कर
विष्णु के सम्मोहन में......
किया नील ने
स्वयं को फिर से आसीन
दर्पण में
और कहा उससे
'विरोध है मेरा
विष्णु की माया से
यह माया करती है लोगों से छल
हर लेती है उनकी छवि
मलिन करती गौरव को
ठग लेती उनके
भोलेपन को
विष्णु हैं
छोटे-छोटे देशों का काल
रास नहीं आतीं उन्हें
हमारी स्वतंत्रताएं
मारक है उनकी मुस्कान
मेरे विरोध में
छिपा है जीवन का स्वप्न ....

(90-बीय12 भवानी नगर, जम्मू)

सतीसर गाथा

–चंद्रकान्ता

(गत दो अंकों में हमारे पाठकों ने विख्यात उपन्यासकार चद्रकांता के उपन्यास के दो अंश पढ़े। अब पढ़िए इसी उपन्यास का एक और परिच्छेद। इसमें आपको कश्मीर के जीवन, खासकर, कश्मीरी पंडितों के जीवन की एक झांकी मिलेगी।

(पूरे उपन्यास पर चर्चा के लिए पुस्तक की एक दो प्रतियां आना आवश्यक है।)

मुहूरत तो मुहूरत है जजमान

पता नहीं स्वनामधन्य ज्योतिषी आनंदजू शास्त्री ने आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया के ब्रह्ममुहूर्त में ऐसा कौन-सा सुयोग देखा कि शहर में चल रही गरम सुगबुगाहटों और दंगों की आशंकाओं के बावजूद लल्ली को दही-रस्म के लिए ससुराल भेजने का आदेश दे डाला।

कई दिनों से आकाश में कलौंछ खाए बादल चक्करघिन्नी खेल रहे थे। कभी बूँदाबाँदी, तो कभी झीनी-झीनी बरसात। पहाड़ों के बीच हर्लामी-से बैठे शहर को आसमान ने धुँआखा मलमल के थान उढ़ा दिए थे, ऊपर से हवाओं में दहशत की गर्द। सुबह से शाम तक की चौकीदारी से आजिज़ सूरज, संगरमाल के पीछे ओट हुआ कि घरों के कपाट मुँद जाते। दिन और रात के समागम में सांध्य दीयों को ओट किए चूड़ियों वाले हाथ देहरियों-दीवारों पर झलक दिखा कर ओझल हो जाते। उस के बाद बाहर न मानुस, न मानुसजात।

लेकिन महान शैवग्रंथ *तंत्रालोक* के रचयिता अभिनव गुप्त कृत शिवस्तुति जिह्वा की नोक पर रखने वाले महापंडित आनंदजू ने जो मुहूर्त देखा, वह वेदवाक्य हो गया। उसे टालने की हिम्मत भला किस में?

''शिवशंभो रक्षा करो। मुहूर्त मुहूर्त है जजमान! चाहे धरती फट रही हो या आकाश उफन रहा हो, घड़ी मिनट का भी अंतर नहीं आना चाहिए।''

कृष्णजू कौल भले 'अकूटंटी' के दफ़्तर में बड़े बाबू हो कर ख़ानदान के पहले दफ़्तरबंद कहलाते हों, सनातनधर्मी आस्था विश्वासों में शंकाओं का झोल नहीं डालते। सो ''हाइहैं सोइ जो राम रचि राखा'' के छोटे से वाक्य 'हरि इच्छा', सगुन, जंग और 'पुत्रवती भव' के आशीषों से लदी-फदी लल्ली ससुराल के लिए विदा हो गई। परंतु इधर लल्ली रवाना हुई और उधर जो हुआ, घट-अघट, उस से सरस्वती के मन में शंकाएँ सिर उठाने लगीं, गोकि ज़माना औरत के मन में शंका पैदा होने की इजाज़त नहीं देता था।

''ऐसा होना तो नहीं चाहिए था,'' उस ने चरखे का हत्था घुमाते तकले पर लिपटती कपास पर नज़रें जमा पति से बिना प्रश्नवाचक सुर के प्रश्न किए— ''इधर लल्ली ताँगे पर बैठी, उधर हारी पर्वत पर टहलते बादल झमक कर बरस पड़े। तप्ते आषाढ़ में भादों की बरखा! कलिकाल, और क्या! ऊपर से बेरीकुंज के पास मवालियों ने आ घेरा। सभी काम तो आनंद बायू के कहे ही संपन्न हुए थे......।''

''शरण भगवन्!'' कृष्णजू धर्म-कर्म को समर्पित पत्नी की शंका को अनास्था तो नहीं कह सके। रात के आख़िरी प्रहर से दिन की शुरुआत करने वाली, वितस्ता स्नान, देवदर्शन के बाद कुटुंब की ज़रूरतों-फ़रमाइशों में फिरकनी-सी घूमती, रात तक कितनी भी थक-चुक गई हो भवानी सहस्त्रनाम और सप्तश्लोकी गीता पढ़े बिना सिरहाने पर सिर नहीं रखती, लेकिन मन में शंका? अल्पबुद्धि और क्या!

कृष्णजू ने पत्नी को ज्ञानदान दिया, ''लल्ली मंगल-कुशल वार कार[1]' घर पहुँची, यह क्या साधारण-सी बात है? हुड़दंगी शोहदों के उठे हाथ ठिठक गए।

1. सही सलामत

और तो और, दही कूँड़ों की केसर-बादाम डली मलाई की परत तक न हिली। इसे करिश्मा ही तो कहेंगे भागवान! तेरी बुद्धि में इतनी-सी बात नहीं आई?''

यानी कि कितनी कूढ़मग़ज़ हो तुम! कहा नहीं, सोचा, आदतन!

और यह करिश्मा? ऊपर वाले का या आनंद बायू का? आनंद बायू! गोल दस्तार और खिचड़ी दाढ़ी से अपनी खास पहचान रखने वाले, 'शिवशंभो' उच्चारते, छोटे क़द के ख़ानदानी ज्योतिषी वामन बायू (जैसे कि नटखट बच्चे उन्हें बुलाते) कुसंस्कारियों से दूर वंदे का रिश्ता रखते थे। अपनी छोटी-सी खोपड़ी में धर्मशास्त्रों का भारी-भरकम ज्ञान ही नहीं धारते, व्यावहारिक सूझ-बूझ भी ऐसी कि घर में ज़नानख़ाने से लेकर पुरुषों की बैठक तक बिना दस्तक प्रवेश पाने के अकेले हक़दार थे। उन्होंने धमकाने के लिए नहीं, लल्ली की मंगल-कामना के कारण ही, काफ़ी देर दाएँ-बाएँ, ऊपर नीचे सिर हिला-डुला, तर्जनी से अनामिका तक की गाँठों पर अँगूठा फेर हिसाब-किताब जोड़ा-घटाया, तब कहीं रुत करिनव शंभो[1] कह कर फ़ैसला सुनाया, ''एक ही मुहूर्त है, सिर्फ़ एक। आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया। सुबह पाँच बज कर चालीस मिनट तक लल्ली को दही-शगुन के साथ ससुराल विदा कर देना। पाँच इकतालीस पर गंडांत और पंचक एक साथ लग रहा है। अर्थात् जानते तो हैं......।''

यानी घोर संकट। मुँह से अशुभ नहीं कहते आनंदजू। क्या पता कौन-सी घड़ी अभिज़ेथ[2] हो, और शंकर भगवान 'तथास्तु' कहें।

''महागणपति शुभ करेंगे।'' हिदायत के साथ आश्वासन देना भी वे भूलते नहीं, ''सगुन भर मनाना, भीड़भाड़ इकट्ठा मत करना।''

अलसुबह! और कोई रास्ता नहीं। आगे कोई मुहूर्त है नहीं, तो क्या करें आनंद जू? सातवाँ मास तो पूरा हो रहा है लल्ली का। अष्टम मास में दही-रस्म का निषेध है शास्त्रों में, यह तो नौसिखुए भी जानते हैं। दत्तात्रेय मुनीश्वर के वंशज पंडित कृष्णजू कौल को क्या समझाना?

सरस्वती रात भर खुटखुट करती रही। (सास यूँ ही इसे 'चुहियारानी' कहा करती थी क्या?) न आप सोई, न लल्ली को सोने दिया। बार-बार सामान की देखरेख, कपड़ों-लत्तों को तहाना-खोलना, कहीं पश्मीने में अथर[3] तो नहीं लगी, किसी चीज़ में कमी-बेशी तो नहीं हुई। नीली दरियाई काबुली और पक्के आलूचे रंग का रफल। पश्मीने का जामवार शाल। मुन्नी के वक़्त तो पश्मीने का फिरन भी दिया था। इस बार साड़ी का मन हुआ लल्ली का, सो पश्म की मूँगिया साड़ी भी दी बबा ने। सब नाज़बरदारियाँ तो माँ-बबा के रहते लड़कियों के। बाद में कौन लेने-देने वाला हुआ? लल्ली तो यूँ भी इकलौती बिटिया। देवरजी के बच्चे मानते हैं, अभी उन में कलियुग का प्रवेश नहीं हुआ न, सो बहन-भाई वाली हुई। नाथजी 'बेन्जी-बेन्जी' कहते थकता नहीं। फिर भी.....। सोचते-सोचते हाथ फुर्ती से चलते रहे, मन मन्वंतर लाँघता रहा। गरम पानी में भिगोए छिलका उतारे बादाम, इलाइची जलगोज़ों के साथ दही कूँडों पर सजा दिए। केसर की तुर्रियों से ऊँकार भी लिख दिया। दूसरा ही दही-शगुन है लल्ली का। क्या पता इस बार बेटा दें श्रीराम। उनके घर में कोई कमी है?

सरस्वती ने भैरव के थान और चक्रेश्वर के मंदिर में मनौतियाँ भी माँगी हैं। लल्ली बेटा जने तो ऋषिपीर के अस्तान पर नियाज़ लेकर जाएगी।

पीर पंडित पादशाह की नज़र सीधी हो तो कौन-सी बात मुश्किल?

डुला-डुला कर जगाने पर ही नाथजी की कुंभकरनी

1. *शंभो भला करें।*

2. *ऐसी घड़ी, जिस में जो कहा जाए, वह सच होकर रहे;*

3. *कीड़ा;*

नींद खुली। आँखें मल कर खिड़की की झिरी से देखा, खजांचियों की भूर्जपत्री छत के ऊपर मटमैले कपास की ढेरियाँ। संगरमालों[1] के पीछे सूरज की परछाईं भी नहीं।

''थोड़ा रुक जाओ काकनी, अभी तो पौ भी नहीं फटी.......'' ज़रा-सा मुँह उघाड़ नाथजी ने टाँगें सिकोड़, कुनमुनाते हुए कंबल सिर तक तान लिया।

''तेंबरकास![2] सुखी आस। बकवास!'' सरस्वती को तीन आलसियों की कथा याद आई। घर में आग लगी, एक बोला, 'आग बुझा दो', दूसरे ने करवट बदल कर कहा, 'उँह, जाने दो, सुख से रहो', तीसरा नींद ख़राब होने से दोनों पर झुँझलाया, 'तुम लोग बकवास करना बंद करो और चुपचाप सो जाओ।'

किसी पर यह कहना सही उतरे न उतरे, नाथ-जी पर तो सौ फ़ीसदी सही।

सरस्वती मौक़े की नज़ाक़त नज़र में रख लाड़ से बोली, ''न, न जिगरा! उठ, उठ बलाय लगय।[3] हाथ-मुँह धोकर तैयार हो जा। लल्ली के साथ जाना है न!''

नाथजी सुख की नींद में खलल नहीं चाहते। वही बकवास वाली बात।

फिरन की बाँह से बहती नाक पोंछते सरस्वती ने चिरौरी की, ''देर हो जाएगी गाशा, साइत निकल जाएगी। तू उठ तो, मैं ने कहवा तैयार रखा है, खूब सारे बादाम डाल कर। देख तो समावार कैसे दहक रहा है।''

कृष्णजू ने रहमान ताँगे वाले को ताक़ीद की थी, ''मामला ज़रा नाज़ुक है रहमान जुवा! एक तो लल्ली की तबीअत नासाज़, उस पर यह दही-रस्म का आख़िरी मुहूर्त! तुम तो जानते हो आजकल हवा भी कुछ ख़राब चल रही है.....''

दसवें साल में ही रहमाने के अब्बा ने बेटे के हाथ में ताँगा-घोड़े की लगाम थमा दी थी, सो पंद्रहेक साल तो हो ही गए रहमाने को ताँगे में सवारियाँ ढोते। चूड़ियाँ-चंदनहार झमकाती शर्मीली दुल्हनों को ध्यार दशमी[4] के दिन आतुर पतियों के पास पहुँचाते, बीमार, बूढ़ों और आसन्न-प्रसवाओं को एहतियात से, धक्कों-हिचकोले से बचाते अस्पतालों तक ले जाते। मज़ाल है कभी किसी को शिकायत का मौका दिया हो।

लेकिन जब लल्ली माँ और खुर्शीद के साथ डगमग डग भरती, धूपछाँही दरियायी फिरन और आठ अंगुल जरी नरीवार झलकाती, बाँह से सफ़ेद बुर्का[5] सँभालते, कस्तूरी गंध-सी महकती ताँगे की तरफ़ बढ़ी, तो रहमाने ने बुर्के से बाहर झाँकती नन्ही मटकी को देख बाप की चिन्ता समझ ली।

''अल्लाह ताला मालिक है। फ़िक्र मत करना।''

''हाँ, गबरा! तुम साथ हो तो चिन्ता कैसी?''

कहने को कह गए कृष्णजू। क्या करते? मुसीबत में गधे को भी बाप कहना ही पड़ता है। फिर रहमाना तो नाते का दोस्त है। मुँह अँधेरे घर के आगे खड़ा हो गया। दूसरे ताँगे वाले तो सूरज ऐन सिर पर आने तक खा-पीकर ही दिहाड़ी को निकलते हैं। कितनी कोशिश की, कोई मोतबर ताँगे वाला नहीं मिला। मिलता तो थोड़ी तसल्ली रहती। लौंडों का ज़रा कम ही भरोसा करते हैं कृष्णजू।

फिर भी, जिस वक़्त रहमान का ताँगा गली के नुक्कड़ पर नमूदार हुआ, साढ़े पाँच बज चुके थे। कृष्णजू बार-बार जेब से रोमन अक्षरों वाली 'मेड इन स्विटज़रलैंड' पॉकेट वाच निकाल समय की सुई का दौड़ना देख रहे थे, रोकना तो उन के बस में नहीं था। सरस्वती निश्चित थी

1. पर्वतमालाएँ
2. आग बुझा दो।
3. वारी जाऊँ।
4. फाल्गुन कृष्ण पक्ष दशमी, उस दिन शिवरात्रि पर्व के लिए नई दुल्हनें ससुराल जाती हैं।
5. कश्मीर में आज़ादी से पूर्व तक हिन्दू स्त्रियाँ भी बाज़ वक़्त बुर्क़ा पहनती थीं। मुसलमानी शासन में यह प्रथा शुरू हुई थी।

और कृष्णजू उस की निश्चिंतता पर चकित।

दरअसल छोटी-छोटी बातों पर घबरा कर हाय-तौबा मचाने वाली सरस्वती ने पाँच बजे ही लल्ली की कामदार जूती और रूमाल 'गाशकौल' के घर भिजवा कर लल्ली का 'प्रस्थान' निकाला था। जूती घर से बाहर निकली कि समझो जने ने उसी वक़्त घर से प्रस्थान कर लिया। फिर चाहे गंडात हो या पंचक, कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। बड़े बुज़ुर्गों ने असाध्य स्थितियों से बच निकलने के जो दर्रे और सुरंगें सुझाई हैं, उसे कृष्णजू से ज़्यादा सरस्वती जानती है। भले ही घर के ज्ञानवान पुरुष 'स्त्री बुद्धि' पर तरस खाते रहें, स्त्रियाँ जब-तब अपनी व्यावहारिक बुद्धि का सबूत पेश करती रहती हैं। कृष्णजू पत्नी की सूझ पर खुश हुए।

नाथ जी की मुक्ति नहीं। लल्ली बहन के साथ उसे ज़रूर जाना है। चुल्लू भर पानी मुँह-आँखों पर छींट दातुन कर लिया। फिरन के ऊपर ख़ास मौक़ों के लिए रखा धुस्सा लपेटा और मिसरी कूजों की मटकियाँ, नानखताई की छुन-छुन टोकरियाँ, दही कूँडे और कपड़ों-लत्तों की संदूकची, ताँगे के अगाड़ी पिछाड़ी जमाने में जुट गया। लल्ली माँ और दाई का सहारा ले कर ताँगे पर बैठी तो राधा और बटनी बहनों ने पीठ पीछे तकिए रख दिए और, 'डोख दिथ बेह बेन्जी' कह कर आराम से टेक लगा कर बैठने की प्यार-भरी सलाह भी दी।

बाहर से तो किसी को बुलाया नहीं था। कृष्ण जू ने, ''सँभल कर ले जाना बेटा, शीतलनाथ के आगे माथा झुकाना'' कह कर रहमाना और लल्ली दोनों को अपनी चिन्ता और उन के कर्त्तव्य समझा दिए। सरस्वती ने याद दिलाया कि गाशकौल के यहाँ से प्रस्थान की जूती और रूमाल लेना न भूलना।

घोड़े के अयालों पर हाथ फेर रहमान ने दुलार से पुचकारा, ''चल सुलताना, बढ़ा कदम। धीरे-धीरे, टिह....टिह....टिह। ताजल नहीं, हँ, हँ, लल्ली बहन को खैरों से पहुँचाना है...।''

गाशकौल की ड्योढ़ी से कुछ दूर खड़ी सरस्वती और भद्रा शारिका का जाप करतीं, तब तक देखती रहीं, जब तक ताँगा मोड़ पर आँख ओझल न हुआ। कहीं बिल्ली या औरत रास्ता न काटे, कोई निगोड़ा छींक-छाँक न दे। अरे, वह सुला वातुल[1] इसी ओर आ रहा है, दाईं तरफ़ से निकले तो कितना अच्छा सगुन हो। माँ शारिका, तेरी दया बनी रहे!

खुर्शीद ने हाथ के इशारों से तसल्ली दी—ऊपर वाले पर भरोसा रक्खो। फिर मैं हूँ न!

घर लौटते वक़्त आँगन लाँघ देहरी पर क़दम रखा कि दो एक पानी की बूँदें जूजी[2] के पास गर्दन पर टपक पड़ीं। सरस्वती ने बेचैन आकाश की तरफ़ आँखें उठाईं। पागल भैंसों की गुस्सैल घुमड़न के साथ आसमान ने बंद मुट्ठी खोल दी। टप-टप-टपकन से एकदम झिर-झिर झर झर ताबड़तोड़ बारिश। रीढ़ की हड्डी में भय की झुरझुरी काँपी। आह! यह बेमौसम बरखा। रंग बा रंग!

''हे श्रीराम! मेरी लल्ली तेरे हवाले।''

कृष्णजू ने आकाशी गड़गड़ाहट के बीच किसी आसन्न संकट की आशंका सूँघ विपत्तिनाशक मंत्र पढ़ना शुरू किया : *शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे, सर्वस्यार्तिहरे देवि, नारायणी नमोस्तुते।*

इस से ज़्यादा वे क्या कर सकते थे!

आसमान का मिज़ाज देख रहमाना ने बेरी कुंज के पास पेड़ों की ओट में ताँगा रोक लिया। ताँगे के चौतरफ़ तिरपाल डाल रस्सियों से सीटों के साथ कसने-बाँधने में नाथजी ने मदद की। खुर्शीद ने लल्ली के बाजूबंद और सोने के कड़ों वाली बाहें बुर्के से ढक दीं। सोना देख कर तो मचल कर लपक आती है बिजली। लड़की जात हुई न!

---

1. भंगी

2. कश्मीरी पंडितानियों के सिर के परिधान तरंगे के साथ पहनी जाने वाली ज़री कढ़ाई से सजी गजभर जाली।

रहमान ने सोचा, नीलगुरटू की परछत्ती के नीचे रुक जाएँ थोड़ी देर। घड़ी भर की बौछार है। मियाँ-बीवी की तकरार-सी। बक-झक कर रुक जाएगी पाँच-सात मिनट में। घोड़ा भी बिजली की कौंध से बिदकने लगा था। ऊपर से खुर्शीद क़दम-क़दम पर फटकारे जा रही थी, ''बोम्य छिया पतुँ रहमाना?' हवा में दौड़ लगा रहा है। इत्ते धक्के डोले से तो मेरी कमर में खम आ गया। यह कच्चा घड़ा साथ लेकर चल रहे हो, कुछ इस का तो खयाल करो......''

लल्ली की दाई माँ हैं खुर्शीद। जन्म देने वाली से बड़ा पालने वाली का दर्द, पर रहमाने का क्या क़सूर? बारिश से ज़मीन आसमान एक हो रहा है। आँखों के आगे घनघोर अँधियारी छाई है। पानी की झालरों से दो क़दम आगे का रास्ता नहीं दीख रहा। घोड़े की भी तो आख़िर जान है। गड्ढा बचाते ज़रा सा धक्का लगा कि लगी फटकारने। अच्छी मुसीबत में फँस गया रहमाना।

लेकिन असली मुसीबत तो अभी आने वाली थी और जल्दी ही हाज़िर हो गई। बेरी कुंज के मज़ार पर टेकरी के पीछे से दस-बारह बंदे 'अल्लाहो अकबर' के नारे गुँजाते ताँगे की तरफ़ लपक आए। पहले काली खोपड़ियाँ दिखीं, उस के बाद सिर से पैर तक बारिश में नहाती हुड़दंगियों की टोली।

''रहम कर खुदाबंद करीम''। रहमाने का चेहरा भय से सफ़ेद फक्क। खुर्शीद ने लल्ली का सिर अपने कंधे से सटा कर कंबल से ढक दिया— ''कुछ नहीं होगा कूरी, कुऽऽछ नहीं। चले जाएँगे अभी मुए, तू फ़िक्र मत कर।''

लल्ली ने घबरा कर हथेलियों की गोद बना अजन्मे को ओट दी।

नाथजी कभी खुर्शीद, कभी रहमाने को देखता। हकलाया—''ताँगा ब... बढ़ा दो, आ....आगे। इधर रुकना ठी......ठीक नहीं.....भाया।''

नारेबाज़ों को क़रीब आते देख रहमाना ने घोड़े की रास खींची, ''टिह.....टिह....टिह! हलकर हलकर, शाबास, शाबास सुलताना बढ़ा क़दम मेरे शेरा......''

लेकिन सुलताना, शेरा अपनी तारीफ़ों से बेअसर, झमकती बारिश और नारेबाज़ों के तेवर देख अड़ गया, रास जोर से खींची तो दुलत्तियाँ झाड़ने लगा।

रहमाना पसोपेश में पड़ गया। क्या करे? रुक जाए तो हुड़दंगी जाने क्या बवाल खड़ा करें, ताँगा भगा दे तो सुलताना दुलत्तियाँ झाड़ कहीं ताँगा ही न उलटा दे और वक़्तों से लल्ली को कुछ हो हवा गया तो वह बेमौत ही मारा जाएगा। कुआँ-खाई के दोतरफ़े मुहावरे बीच फँसा रहमाना आजिजी से लल्ली की तरफ़ मुड़ा, ''सीट का बाज़ू कस कर पकड़ ले बन्यी। ये खंज़ीरों की औलादें आगे निकल जाएँ तो.....''

नाथजी बेबस हो एक हाथ से बहन की पीठ थपका कर आश्वासन देता रहा और दूसरे से डोलते-डगमगाते दही कूँडे सम्हालने लगा।

दो मुस्टंडे ताँगे के नीचे आते-आते गरज उठे, ''साले जहान के! लाम पर जा रहा है मरने? मालूम नहीं आज तकरीर में पहुँचना है?''

एक ने बल्लम से ताँगे की बम पर चोट की, दूसरा चक्के की तरफ़ बढ़ा, ''तोड़ दो चक्का, मय असबाब धूल चाटने लगेगा तो अगला-पिछला सब मालूम पड़ जाएगा हराम के जने को।''

पठानी सलवार कुर्त्ता डाटे छह फुटे आदमी ने घोड़े की रास रहमाने से छीन ली, ''उतर नीचे साले, कौन है पीछे? खोल दे तरपाल....मादर.....।''

कुहनी की धकेल से रहमाना ताँगे से गिरते-गिरते बचा। खुर्शीद ने मोर्चा सँभाला, ''भाया, बेटी को

---

3. क्या बोम्या (डाकू) पीछे पड़े हैं?

अस्पताल ले जा रहे हैं। दर्दें उठी हैं। खुदा के वास्ते रास्ता छोड़ दो। माँ बहन वाले हो।''

तरपाल के भीतर से लल्ली की दबी-दबी रुलाई हिचकियों में फूट पड़ी।

छह फुटे ने तरपाल हटा ताँगे के भीतर सिर घुसाया। बुर्कानशीन लल्ली नाथजी और खुर्शीद से चिपक ख़ौफ़ से कराही।

''भरोसा नहीं हो रहा है न? बुर्का खोल कर अपनी बहन को देखोगे?''

लल्ली की रुलाई ने नन्हे हाथों से मदद के लिए खुर्शीद के आँचल का खूँट खींच लिया। अंडों पर बैठी मुर्ग़ी सतर्कता से अगली हरकत का सामना करने के लिए तैयार हो गई।

''मेरी बात का तो क्या भरोसा करोगे! अल्लाह ताला ने आँखें दी हैं खुद ही देख कर तसल्ली कर लो।''

छह फुटे ने खुर्शीद की धमक भरी आवाज़ से चौंक उस का चेहरा देखा, चुप्प ग़ुस्से से तना खिंचा तुर्श चेहरा। कंधा घेर कर लगभग बगल में दबाई रोती हुई हामिला औरत।

''चलो, जाने दो, ज़नानियाँ हैं।'' उस ने इशारे से साथियों को आगे बढ़ जाने का आदेश दिया। उसकी आवाज़ का पारा एकदम नीचे उतर आया— लल्ली की रुलाई से या खुर्शीद की धमक भरी आवाज़ से, या क्या पता, माँ बनने जा रही औरत के करिश्मे से? (या शायद उन दिनों हुड़दंगियों के भी कुछ उसूल हुआ करते थे) रहमाना को लट्ठमार आदेश मिला, ''इधर से नहीं, पीछे सत्थू के बंड से होकर जाओ। इस रास्ते जुलूस जाएगा।''

''शुक्र परवरदिगारा!'' खुर्शीद ने आसमान की तरफ़ हाथ उठाए।

''ताँगा मोड़ लो और इत्मीनान से चलो। अब कोई डर नहीं। चले गए मुए।''

ओफ़! तूफ़ान की तरह रेला आया और ख़ौफ़ की धूल छोड़ कर आगे बढ़ गया।

नाथे ने हलक में रोकी साँस बाहर निकाली।

''यह अचानक नारेबाज़ी कैसी रहमान भाया?''

रहमाना कंबल से मुँह निकाल पल भर खाँसा। यह नाथजी कौल तो उम्र भर नाथा[1] ही रह जाएगा। आसपास क्या हो रहा है, इस की कोई ख़ैर-ख़बर नहीं। अपनी ही दुनिया में मस्त मलंग। लेकिन यार है, क्या कहें!

''वो खानकाए मौला जा रहे हैं लोगबाग, उधर आज तकरीर है न?''

''ठाले निठल्ले'', खुर्शीद ने गुस्से से जोड़ दिया, ''बेकारस त्रेकार मटि।[2] अलसुबह से दरबदरी। अरे, मज़ूर पेशा आदमी दो जून भात की फिक्र करेगा या लेक्चर सुन कर लीडर बनेगा?''

नाथजी ने रहमाने का चेहरा देखा। ख़ंजर-सी तीखी नाक के ऊपर आधी आँखों को ढकती गोल टोपी, ज़बान बराबर व्यस्त–''हल भाया, हल कर, सबर से, सबर से, ताजल नहीं, लाम पर नहीं जाना.......।''

अकारण ग़ुस्से में तेज़ होती आवाज़। नाथजी चौंक गया। खानकाए मौला। दिमाग़ में टन्न से बजा। कह तो रहे थे कल काकलाल। उधर कोई जलसा है आज। इधर लोकराज्य की माँग लेकर कुछ लोग जगह-जगह तक़रीरें कर रहे हैं। राजा का राज नहीं चाहिए। माहौल में अजब-सा तनाव।

भय की लहर उफन कर गुज़र गई। लल्ली खुर्शीद की गोद में सिर रख कर ऊँघने लगी। उस की देह अब भी छोटी-छोटी हिचकियों से सिहर रही थी।

---

1. सीधा।
2. बेकार के ज़िम्मे तीन काम (मुहावरा)

घरों के ऊपर भूर्जपत्री छतों पर हरियाई दूब वर्षा की हल्की रिमझिम से काँप रही थी। मकानों की खिड़कियाँ दरवाज़े बंद। कहीं-कहीं खिड़की की संधों से निकलती धुएँ की शहतीर भीतर की गुपचुप सरसराहटों का आभास देती हुई।

बारिश लगभग थम गई थी। घोड़े की लयबद्ध टापों के साथ गलपट्टे में सजे घुँघरुओं की रुनन-झुनन ख़ामोश भीगी सड़क पर ताल मिला कर चल रही थी। जगह-जगह बारिश से बने पानी के डबरों और चहबच्चों से गुज़रता ताँगा मटमैले फ़व्वारे उछालता गीली सड़कों से छेड़छाड़ कर रहा था।

रहमाना इतना चुप्प क्यों है आज? भौंहों के जोड़ पर खिंचाव या टोपी माथे तक खिंची होने से भौंहों में बल पड़े लगते हैं। माहौल में तनाव है, पर रहमाने का इस से क्या लेना-देना? आवाज़ में बिलावजह खुन्नस क्यों?

''आषाढ़ में इतनी ठंड तो कभी नहीं देखी खुर्शी बेन्यी'', नाथजी ने ध्यान बँटाना चाहा या अपने भीतर बैठी घबराहट को बातों से धकेलना चाहा।

''हाँ, इस बार मौसम ही कुछ बेएतबारी हो गया है। लगता है आगे जाड़ा सख़्त होगा। आसार बुरे हैं।''

खुर्शीद ने तिरपाल का कोना उठा बंड के पार नदी में कतार बँधी नावों को देखकर कयास किया।

फिर चुप्प। और चुप्पी के बीच घुँघरुओं की रुनन-झुनन और घोड़े के लयबद्ध टापों की जुगलबंदी। ताँगा सत्थू के बंड से होता श्रीरामचंद्र मंदिर के पास से गुज़रा तो लल्ली ने हाथ जोड़ कर माथा झुकाया। मंदिर के अहाते में खड़े चिनार के नक़्क़ाशीदार पत्ते सरसब्ज़ जामे पहने हवा से फुसफुसाहटों में ज्यों कोई साज़िश कर रहे हों।

सड़कें सूनी। अविश्वसनीय! इक्का-दुक्का पंडित फिरन के कंधे पर गमछा डाल, मंत्र बुदबुदाते वितस्ता में नहाने जा रहे थे या नहा कर मंदिर की तरफ़ लौट रहे थे।

''आज हारी पर्वत जाती बटनियाँ[1] नज़र नहीं आतीं।''

''बारिश है न!''

''नियम से शारिका दर्शन को जानेवालियाँ तो बर्फ़बारी में भी नहीं रुकतीं।'' रहमाना चुप्प।

''शायद इस जलसे के कारण।''

''हाँ, शायद!''

''शायद क्या, इसी वजह से। जलसा क्या होता है, गुंडों बदमाशों की बन आती है। फिर माँ-बहनों की पहचान भी रहती है क्या? अब भली औरतें घर में न बैठें तो क्या जानबूझ कर अपनी फ़जीहत कराएँ?''

खुर्शीद के तुर्श जुमलों के बावजूद संवाद नहीं जमा। भीतर भय का कानखजूरा टाँगें धँसाए बैठा था। अगले मोड़ पर जाने कौन-सी आफ़त गला दबोचने तैयार खड़ी हो। नाथजी तमाम फक्कड़पने के बावजूद डरा हुआ चूहा लग रहा था, खुर्शीद अँधेरे में दिए सी जल उठना जानती है। दिलदार औरत! नाथ जी को मायूस देखकर खुशबाश लहजे में जोड़ दिया. ''नाथ जीया, रहमाना कल भड़भूँजियों के यहाँ टिड्भर कर दावत खा आया है, सो पेट दर्द कर रहा होगा। ज़रा फारिग होकर आए, तो ही कुछ बातचीत कर पाएगा।''

रहमाना हल्का-सा मुस्कराया, ज्यों हँसने पर पाबंदी हो। नाथजी समझ गया, आज माहौल में ही नहीं, दिल्लगीबाज़ रहमाने के दिमाग़ में भी कुछ खलबली मची है।

(3020/सेक्टर-23, गुडगांवा, हरियाणा)

1. *ब्राह्मणियां (भट्टिनियां)*

ऋषि-वाटिका

—मूल कश्मीरी =जवाहर लाल सरूर
अनुवाद = डा० राज बुद्धिराजा

विश्व-साम्राज्ञी
स्वर्ग से उतर
अमृत का अर्घ्य देती है।
आहिस्ते आहिस्ते
सींचती है वितस्ता
दूर-दूर तक फैले
रंग-बिरंगे फूलों की क्यारियाँ
गूँजता है जादुई संगीत
लिद्दर के नर्तन का
मेरी तरह—
महसूसता है कांई
फूलों की वादियाँ
अमृत का अर्घ्य
और जादुई संगीत।
नील नाग पर ध्यानस्थ स्मृति
जब प्यार के सपने बुनते संजोते हैं
तब उनके आशीर्वादी स्पर्श से
इन जामुनी पहाड़ियों में
एकता की आवाज़
गूँज उठती है।
आदि-कवयित्री-ललद्यद के अन्तर्मन से निकली
दुग्ध-धवल धारा
सदा-सर्वदा यही कहती है कि
सुनो-गुनो महसूसो इस दिव्य आनंद को
जिसे नुंद ऋषि ने बखाना था।
टीले के इस पार एक मिला
किले में सिंहासन सुलतान का और खान का स्थान
सिंहासन से परे
एक काठी दरवाज़ा
दरवाज़े के पास एक काली का मन्दिर
मन्दिर में दिव्य-आनंद अनुभव करने
अतृप्त श्रद्धालु मन
पता नहीं क्यों
हम इस आनन्द आनन्द की खुशबू भी
खाड़ी में कैद कर देते हैं।
धरती जब
हरियाली का मखमली लिबास पहनती
सजती संवरती
वादियां सतरंगी होतीं
समवेत सुर में
नव बसन्त
चिड़ियां चहचहाती पर्वतों की गोद में
बसन्त-प्यार के गीत गाता है।
मेरे दोस्त
तुम सुनो न
समय की रेत साक्षी है
मेरे इस खूबसूरत कल की।
मेरे इन मन्दिरों ने
मेरी इन मस्जिदों में
मेरी इन चर्चों ने
सदा-सर्वदा
भाई-चारे की प्यारी सी भाषा सिखाई है।
अर्चना करता हुँ
कि अनन्त काल तक
ऋषियों की यह पावन भूमि
सलामत रहे।
सलामत रहे ।
सलामत रहे।
और सलामत रहे।

JL Suroor, New Colony
Garhi Udhampur-182121

एक उदास दिन की डायरी

–श्याम बिहारी

(लेखक कश्मीर से देह और मन से इतने जुड़े रहे कि अभी भी कभी उनके दिन रात कहीं न कहीं उस सूत्र से बंध जाते हैं। कश्मीर में रहते हुए हिंदी लेखन में इनको जितनी आस्था थी, विस्थापन में वह दुगनी हुई लगती है। उदासी के बावजूद उस आस्था से जीवन का उज्जवल पक्ष ले रहे हैं श्याम बिहारी ....सं०)

''फिर वजहाए-एहतियात से रुकने लगा है दम
बरसों हुए हैं चाक गिरेबां किए हुए''-ग़ालिब

इसे सनक कहूं या मनोरोग, लिखने का शौक जनूं की हदों को छूने लगा है। शान्त साहब ने एक बार कहा भी था 'क्यों बर्बाद होना चाहते हो?'

पता नहीं भीतर क्या हलचल है, लिखतां हूं फाड़ देता हूं। शेखर* ने कहा था ''लेखक बुनकर होता है, संपादक दर्जी दोनों को एक साथ नहीं रहना चाहिए।'' अपने भीतर तो दोनों एक साथ डटे हुए हैं। बेचारा कबीर दिन भर में कुछ पंक्तियां बुनता है और मास्टर जी कैंची लेकर आ जाते हैं। मास्टर जी कुछ दिन जरा घूम फिर आइए। मीना कुमारी की पंक्ति याद आ रही है

''जागी हुई आंखों में कांच से चुभते हुए ख्वाब
रात ऐसे ही दीवानों की बसर हुआ करती है।''

दूर कुत्तों के भौंकने में घुली गीदड़ों की हुआं हुआं में 'राग दूरदर्शन' रात के इस सन्नाटे में रंग भर रहें हैं।

ए झूम जागना रात दा बहुत मन्दा
या कोई जागदा ए पहरेदार राती
या फिर जागदा ए दुखिया मरीज कोई
या फिर जागदा ए चोर चकार राती
या फिर जागदा ए इश्क दा रमज़ वाला
या फिर जागदा ए परवर दिगार राती

श्याम! इनमें से तुम कौन जो इतनी देर रात तक जाग रहे हो?

•

दुनिया होली खेल रही है। मैं घर में उदास दुबका बैठा हूं। भीतर शायद कोई मकड़ी है जाले बुनती हुई। कितना कांट, कितना साफ करूं? मुझे मेरी आदतों ने मारा है। आस्थाएं भंग। विश्वास गायब। कारण खोजता हूं–बात पीढ़ियों तक जा पहुंचती है।

मां याद आ रही है। चौथाई सदी पहले इसी दिन दुनियां से विदा हुई थी। अपने अक्खड़पन में कितना दुखी किया था उसे। शायद उसी का फल है। सब कुछ है फिर भी कुछ नहीं। शायद पूरा जीवन यूं ही चलेगा

...त सा इस जीवन का मैं ले कंकाल भटकता हूं
इसी खोखले पन में जाने क्या खोजता अटकता हूं-'प्रसाद'

•

सिर भारी है। नींद का हमला। फिर भी लिखना है क्या लिखूं? मन के आकाश में कितने ही सपने पतंगों-से उड़ते रहते हैं। आज शायद सबके सब हड़ताल पर हैं। मनुहार करके शेखर से ''इंडिया टुडे साहित्य वार्षिकी'' लाया हूं केवल कविताएं पढ़ने के लिए। कुछेक पढ़ीं पर ऊब गया हूं। मन रिसेप्टिव मूड़ में नहीं। बच्चे वैष्णों देवी गए हैं। सिर सिरहाने को खोज रहा है। कलम कह रही है.....छोड़ो। कल देखना.......कल की ऊँघ में जो लिखा, देख रहा हूं। खारिज होने लायक भी नहीं। जो लिखा गया ठीक ही है। कम से कम अभ्यास तो नहीं छूटा।

---

* *अग्निशेखर, कवि, आलोचक, कहानीकार*

•

सोचता हूं कुछ लोगों के लिए लिखना सांस लेने जितना सहज क्यों होता है और मुझ जैसों के लिए यह सतत अभ्यास का विषय क्यों है। तिस पर भी वो बात तो बनती ही नहीं। सारे के सारे तीर नीमकश ही रह जाते है। जहां अभ्यास छूटा लिखना भूल गए।

लिखने के लिए भीतर एक छटपटाहट चाहिए। एक ईमानदार बेचैनी। विस्थापन के इन वर्षों में यह बेचैनी अपनी तेज़ी और प्रभाव खोने लगी है। विस्थापित जीवन ने हमारे साथ एक अच्छाई भी की है। हमारी दिमागी खाल कुछ और मोटी हो गई है। छोटे छोटे कंकर पत्थर अब बेअसर ही निकल जाते हैं।

'इंडिया टुडे साहित्य वार्षिकी' लगभग पूरी पढ़ ली है। स्वयं पर हैरान हूं। इतना समय कैसे निकाल लेता हूं? नशा, लत जिसे कहते हैं। फैशन डालरों के नशे का है। पता नहीं मैं शब्दों के नशे में क्यों अटक गया हूं?। उदय प्रकाश की कहानी 'पालगोमरा का स्कूटर' और विजय कुमार की कविता 'हारा हुआ आदमी' अच्छी लगीं । हारा हुआ आदमी तो जैसे मेरी एक्स रे रिपोर्ट मुझे थमा दी गई हो। विजय को पत्र लिखना पड़ेगा। कब? पता नहीं.

